समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# 'बारिश मे डूंबी दिल्ली, BJP के दावे हुए फुस्स', जलभराव और ट्रैफिक जाम पर प्रियंका कक्कड़ का बड़ा बयान।

Publisher

Published on 03 May 2025

## दिल्ली : आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रेखा गुप्ता सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी जहां भी सत्ता मे आती है, वहां जलभराव और ट्रैफिक जाम की बीमारी लग जाती है.

दिल्ली में गुरुवार की रात हुई बारिश ने बीजेपी सरकार की सारी पोल खोल दी. **आम आदमी पार्टी** की **प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़** ने बारिश के बाद जलभराव को लेकर रेखा गुप्ता सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्री मानसून की पहली ही बारिश में दिल्ली पानी-पानी हो गई. बीजेपी के '**नाले साफ करने**' के बड़े-बड़े दावे हवा हो गए.

आप की **मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़** ने बीजेपी सरकार से पूछा है कि क्या **मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता** और **मंत्री प्रवेश वर्मा** ने सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए डंडे डालकर नालों की सफाई की थी ? उनका कहना है कि **गुरुग्राम** और मुंबई की तरह अब दिल्ली में भी ट्रैफिक जाम और जलभराव आम बात हो गई है.

### बीजेपी सरकार के सारे इंजन पानी मे डूंबे

**प्रियंका कक्कड़** ने कहा, "बीजेपी की 'चार इंजन वाली सरकार' के सारे इंजन पानी में डूब गए. मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की चेतावनी दी थी. फिर भी सरकार तैयार नहीं थी. बीजेपी दावा करती थी कि नालों की सफाई हो गई. मुख्यमंत्री और मंत्री खुद निरीक्षण पर गए, फोटोशूट करवाया, अखबारों में खबर छपवाईं, लेकिन नतीजा शून्य रहा ? चार घंटे की बारिश ने सब सच सामने ला दिया. दिल्ली की सड़कें डूबीं, ट्रैफिक ठप हो गया और चार लोगों की जान भी चली गई."

### दिल्ली को लगी जलभराव और ट्रैफिक जाम की बीमारी

**आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़** ने बीजेपी सरकार पर तंज कसते हुए कहा, "बीजेपी जहां भी सत्ता में आती है, वहां **जलभराव** और **ट्रैफिक जाम** की 'बीमारी' लग जाती है. **गुरुग्राम** और **मुंबई** को यह दिक्कत पहले से थी. अब दिल्ली में इसी राह पर है. इसका इलाज सिर्फ **अरविंद केजरीवाल** के पास था."

आप प्रवक्ता का आरोप है कि बीजेपी सिर्फ टीवी पर दावे करती है. हकीकत में कुछ नहीं करती. **एयरपोर्ट टर्मिनल-3** का ढांचा तक गिर गया. गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.